ठगों के चंगुल में फसे भाजपा नेता, ढाई घंटे रहे डिजिटल अरेस्ट

पुलिस वर्दी में कहा आपका क्राईम की दुनिया से है कनेक्शन हो चुकी है आप पर 17 एफआईआर, पुलिस ने छुड़ाया

नवभारत न्यूज

अशोकनगर । जिले में जहां ऑनलाईन ठगी के कई मामले सामने आ चुके है, तो वहीं बुधवार को अशोकनगर में डिजिटल अरेस्ट का बड़ा मामला सामने आया है। जहां भाजपा नेता कई घंटों तक डिजिटल अरेस्ट रहे। गनीमत रही कि परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भाजपा नेता को डिजिटल अरेस्ट छुड़वाया।

दरअसल प्रतिदिन की तरह भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर रघुवंशी अपनी दिनचर्या के अनुसार कार्य कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें कॉल आया, जिसे उन्होंने रिसीव किया। इसके बाद वीडियों कॉल पर पुलिस अधिकारी ने उनसे बात की और उन्हें अरेस्ट कर लिया। इस पूरी प्रक्रिया में करीब ढाई घंटे तक भाजपा नेता हाउस अरेस्ट रहे। वही जब परिजनों द्वारा उन्हें

आवाज दी जाती तो वह उंगली बताकर उन्हें चुप करा देते। वहीं जब परिजनों ने देखा कि वह काफी समय से मोबाइल पर बाते कर रहे है तो उन्हें माजरा समझ में आया और उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल गेट खुलवाया और जैसे ही फोन लिया, तो नकली पुलिस ने असली पुलिस को देखकर फोन कट कर दिया।

17 एफआईआर बताकर धमकाया : बताया कि उनके पास कॉल आया और बताया कि उनके ऊपर 17 एफ आई आर दर्ज हैं जिनकी कॉपी भी उन्हें दिखाई गई, वहीं उनके नाम से फर्जी बैंक खातों और पैसों के ट्रांजेक्शन की बातें भी कही गईं। डिजिटल अरेस्ट करने वाले खुद को मुंबई का बता रहे थे और वह पिछले 2-3 दिनों से लगातार कॉल कर रहे थे। वीडियो कॉल पर पुलिस वर्दी में अधिकारी दिखने के चलते भाजपा नेता उनके चंगुल में फंसते चले गए जहां पहले उन्हें एफआईआर की कॉपी बताई गई। और इसके बाद उनके द्वारा किए गए गलत मैसेज बताये, जिससे वह काफी घबरा गये थे।

ठगों ने कहा आपका का क्राइम की दुनिया से नाता : नवभारत को आपबीती बताते हुए डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जह पहले ऑडियों कॉल और वीडियों कॉल पर बात हुई, जिसमें एफआईआर दर्ज बताते हुए उन्हें एफआईआर बताई गई। इसके बाद उन्होंने एक बड़े अधिकारी से बात कराई। जिसमें बड़े अधिकारी ने कहा कि इनका क्राइम की दुनिया से संपर्क पर है और इनके मुंबई की कैनरा बैक में खाता खुला है उसमें ढाई करोड़ रूपये का लेनदेन हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने मुझे एक व्यक्ति का फोटो भेजा जिससे मेरा सबंध बताया। जबकि उस व्यक्ति उन्होंने पहली बार देखा था।

खाते में 25 लाख आये है वो किसके : भाजपा के जिला मीडिया श्री रघुवंशी ने बताया कि पुलिस वर्दी में बैठे सख्स ने मुझसे कहा कि आपके बैंक खाते में 25 लाख रूपये आये है, वह कैसे और किसके है। जबकि उनके खाते में किसी भी प्रकार के पैसे नही आये थे। इस पर उन्होंने मुझसे अपने खातों की डिटेल और आधार मांगा, जिसे मेंने उन्हें दिखाया। जिसके बाद वह कहने लगे है कि आप आदमी सही हो, लेकिन आपके नाम का कोई गलत इस्तमाल कर रहा है, इससे बचना चाहते हो तो ऑनलाइन मद्द करो, जिससे आपकों इस झझट से छुटकारा दिलाया जा सके।

परिजनों की सूझबूझ से ठगी से बचे भाजपा नेता : गौरतलब है कि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर रघुवंशी खुशमिजाज है, जब उनके द्वारा अपने आपको एक कमरे बंद कर लिया और जब काफी समय तक गेट नहीं खोला गया, तो परिजन चिंतित हो गये। इसके बाद परिजनो ने आवाज देकर गेट खोले जाने की बात कहीं। ि इस पूरी प्रक्रिया जब दो घंटे से अधिक समय हो गया, तो वहीं परिजनो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट खोला और श्री रघुवंशी को डिजिटल ठगों के शिकार होने से बचाया।

इनका कहना है।

उनको किसी कॉल के माध्यम से डराया जा रहा था, जब पुलिस को जानकारी लगी तो वह मौके पर पहुंची और उन्हें ऑनलाइन ठगों से छुड़वाया। इस सबंध में अभी तक शिकायत नहीं आई है, यदि शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

मनीष शर्मा, टीआई
सिटी कोतवाली अशोकनगर।

रैंक पॉइंट से बनते हैं जाम के हालत, रहवासियों ने की शिफ्ट करने की मांग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। रेलवे रैंक पाइंट के कारण बने जाम के हालतों से परेशान होकर स्थानीय रहवासियो और दुकानदारों ने एक ज्ञापन नगरपालिका को सौंपा, जिसमें उन्होंने रैंक पाइंट का स्थान परिवर्तन करने की मांग की।

बुधवार को नपा प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि सेन चौराह से लेकर रेलवे रेक पॉइंट तक सैकड़ो की तादाद में ट्रक निकलते है व वही पर खड़े रहते है जिससे पूरे दुकानदार एवं वार्ड वासियों को निकलने की जगह तक नही रहती। वहीं इन ट्रकों के कारण इस मार्ग के दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह से ठप्प हो गया। वहीं जहां से ट्रक निकलते है वहा से विद्युत लाइन भी है जिसके कारण हमेशा हादसे का डर बना रहता है। यदि कभी कोई ट्रक खंबे से टकरा गया, तो करंट फैला सकता और इससे कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय रहवासियों और दुकानदारों रेलवे रैक पाइंट को अन्य जगह रातीखेड़ा या पीपलखेड़ा पर बनाने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान वार्डवासी मौजूद रहे।

एक नजर में

प्रतिमा स्थापिता करने से पहले निकाली शोभायात्रा

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में बुधवार को भगवान शिव शंकर एवं नंदीश्वर की प्रतिमाओं का आज कलश यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर से उठाकर पास के पीपल के नीचे पिपलेश्वर धाम के नाम से प्रतिष्ठित की जा रही है दोनों प्रतिमाओं को पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा और ब्राह्मणों के सहित विधि विधान के साथ रुद्री पाठ के द्वारा आज अन्नादि वास करवाया गया हैञ उन्होंने बताया कि दिनांक 21 नवंबर को गुरु पुख नक्षत्र में भगवान शिव शंकर एवं नंदीश्वर की प्राण प्रतिष्ठा होगी एवं कन्या भोज ब्राह्मण भोजन भंडारा भी करवाया जाएगा। यह शिव नंदी स्वर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास के ही बगीचा में स्थापित होगे। यहां पर पहले से ही प्राचीन प्रतिमा थी वह प्रतिमाएं टूट फूट होने के कारण हटा करके नई प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं।

बाबरोद में ईकेवायसी तथा बीवन का किया वाचन

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार राजस्व महा-अभियान 3.0 का सफल संचालन जिले में कलेक्टेर सुभाष कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग के लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को राजस्व महा-अभियान में ठीक किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की तहसील के ग्राम बाबरोद में तहसीलदार आनंद जैन

गरीबों के बनाये जा रहे चालान, रसूखदार उड़ा रहे खिल्ली

यातायात विभाग की कार्रवाई पर क्षेत्रीय विधायक ने उठाए प्रश्न, लगाई क्लास

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। यातायात पुलिस द्वारा बनाये जा रहे चालानों को लेकर बुधवार को विधायक का गुस्सा फूट पड़ा, इस दौरान उन्होंने जहा पुलिस अधिकारियो को मानवता को वास्ता देते हुए ठंग से कार्रवाई करने की बात कहीं। तो वहीं उन्होंने रसूकदार लोगो के चालान न बनाये जाने पर विभाग की चालानी कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह खड़े किए।

दरअसल बुधवार को यातायात विभाग द्वारा वायपास रोड़ स्थित यातायात चौकी के पास यातायात नियमों का उल्लघन करने वालो के चालान बनाये जा रहे थे। इसी दौरान जब कुछ मजदूर वर्ग के लोग निकल रहे थे, तो पुलिस वालों ने उन्हें रोक लिया और उनका चालान बनाने की बात कहीं। जिस पर वह विधायक हरिबाबू राय के पास पहुंचे और

चालान के पैसे मांगे, जब उन्होंने उन्हें छोड़ने की बात कहीं, जब उन्हें नहीं छोड़ा गया, तो वह स्वयं मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से सभी के चालान बनाने की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने स्वयं कई गाड़ी वालों को रोकने की बात कहीं कि इन लोगों को भी रोको जिससे आप लोगो का टारगेट पूरा हो सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा गरीब लोगो के चालान बनाये जाते है, जिसके कारण वह काफी डरे रहते है। जब उन लोगों के चालान इनके द्वारा नहीं बनाये जाते है जो रसूखदार है और इनकी खिल्लिया उड़ाते हुए चले जाते है।

मानवीयता का दिया वास्ता: विधायक हरिबाबू राय ने उपस्थित पुलिस अधिकारियो को मानवीयता का वास्ता देते हुए कहा कि ये बेचारे गरीब लोग जो रोटी अपनी जेब में रखकर मजदूरी करने के लिए आते है और आप इनके चालान बना रहे है। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस द्वारा समन कार्रवाई नहीं की गई और गरीबो पर चालानी कार्रवाई की गई तो वह एकत्रित होकर चौराहे पर धरने पर बैठ जायेंगे।

संदिग्ध परिरिस्थति में अधेड़ की मौत

अशोकनगर। मुंगावली से ढाई किलोमीटर दूर स्थित टीला रोड पर पास की ही एक कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी की सड़क पर शव मिला। मृतक के माथे पर चोट के निशान होने से मौत पर संदेह है। परिजनों की मांग पर मुंगावली सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल के द्वारा पोस्टमॉर्टम किया गया है। जानकारी के अनुसार चंदन पुत्र बल्ती सेन उम्र 55 साल निवासी बम्मन खिरिया हाल मुंगावली है। डेड बॉडी सड़क पर पड़े होने की सूचना मंगलवार रात 9 बजे मुंगावली पुलिस को मिली थी, इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमॉर्टम हेतु मुंगावली सिविल अस्पताल भेज दिया था। वहीं मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

डंपर चलाता था मृतक

मृतक पास की एक कंपनी में डंपर चलाता था। वहां पर काम करने वाले कर्मचारी शिफ्ट में काम करते हैं। चंदन अपनी शिफ्ट पूरी कर वापस घर लौट रहा था। सड़क पर डेड बॉडी पड़ी होने की वजह से सड़क दुर्घटना होने का अंदेशा जताया जा रहा है। लेकिन स्पष्ट कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ही सामने आएगा।

जनपद पंचायत चंदेरी के कार्यो की जिपं सीईओ ने की समीक्षा

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन की अध्यक्षता में जनपद पंचायत चंदेरी सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विभाग अंतर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.जैन द्वारा आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए बीओसीडब्यू एवं 70 प्लस अंतर्गत आयुष्मान कार्ड 30 नवम्बर तक लक्ष्यनुसार बनाने के निर्देश दिये गये। आयुष्मान कार्ड में कम प्रगति पाये जाने पर ग्राम पंचायत खैरा के सचिव एवं ग्राम पंचायत पिपरोद के ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास/जनमन आवास योजनांतर्गत आवास पूर्णता एवं समग्र सीडिंग की समीक्षा की गई। समग्र सीडिंग में कम प्रगति के कारण ग्राम पंचायत नयाखेड़ा के ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा अंतर्गत अपूर्ण कार्यों की वर्षवार समीक्षा, वृक्षारोपण कार्य की पूर्णता, 15 वें वित आयोग अंतर्गत शून्य व्यय वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा, अपूर्ण आंगनवाड़ी /सामुदायिक भवन अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा, जैम पोर्टल पर आईडी जनरेट, 100 प्रतिशत गौशालाओं का संचालन, 15वां वित अंतर्गत आयोग के व्यय एवं पंचायत की आय बढ़ाने पर चर्चा की गई। मनरेगा योजनांतर्गत ऐसी ग्राम पंचायतें जहां शांतिधाम स्वीकृत है उन्हे समय-सीमा में पूर्ण कराने की समीक्षा की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी रचना शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरीशंकर राजपूत, बीएमओ, जनपद स्तरीय अमला एवं समस्त सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपस्थित रहे।

होम स्टे का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ रहीं मौजूद

विक्रमपुर में बनाये जा रहे है होम स्टे

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ग्रामीण पर्यटन योजना के अंतर्गत पर्यटन ग्राम विक्रमपुर में निर्मित हो रहे होम स्टे का निरीक्षण किया गया। ग्रामीण पर्यटन योजना अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर में होम स्टे पर्यटकों के लिए तैयार किये जा रहे है। परियोजना संस्था बकरी छाप द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर 4 होम

स्टे पूर्णत: तैयार कर लिए गये है। सभी होम स्टे मिट्टी और पत्थर से बनाए गए है जिसमें पर्यटक स्थानीय बुंदेली ग्रामीण जीवन शैली का आनंद ले सकेंगे। बकरीछाप द्वारा इन सभी होम स्टे को दॉ स्टोन विलेज के नाम से मार्केट किया जाएगा। ग्राम विक्रमपुर में कुल 7 होम स्टे बनाने का कार्य चल रहा है। जिनमें से 4 होम स्टे पूर्णत: बनकर तैयार हो चुके है। इस दौरान एसडीएम रचना शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत गौरीशंकर राजपूत, तहसीलदार दिलीप दरोगा सहित स्थानीय अमला उपस्थित रहा।

लाड़ली टैलेंट हंट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

चंदेरी। कलेक्टर सुभाष द्विवेदी की परिकल्पना पर आधारित विकासखंड स्तरीय लाडली टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी में किया गया । लाड़ली टेलेंट हंट प्रतियोगिता में सात तरह की प्रतियोगिताओं को रखा गया जिसमें सुलेख प्रतियोगिता, निवंध प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण, वाद विवाद, चित्रकला, गायन, नृत्य प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या संध्या पटसरिया, प्रतियोगिता नोडल अधिकारी अटल बिहारी तिवारी ,निर्णायक उमा पुरोहित ,सारिका सुमन, सरोज कुशवाहा एवं नूरजहां बानो द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया ।

सुलेख प्रतियोगिता में हाई स्कूल बांकलपुर की लक्ष्मी अहिरवार ,निबंध प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल चंदेरी की रिमशा परवीन प्रथम ,हाई स्कूल बडेरा की मुस्कान अहिरवार द्वितीय स्थान पर रही ।तत्कालिक भाषण में हाई स्कूल तगारी की चंचल लोधी प्रथम ,हाई स्कूल

डूंगासराकी बबीता नायक द्वितीय ,बाद विवाद प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल चंदेरी की प्रथम रिद्धि रावत, द्वितीय नीति चौबे चित्रकला प्रतियोगिता में सीएम राइज स्कूल थूबोन की नैंसी यादव प्रथम ,उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी की सोनल लोधी द्वितीय रही । गायन प्रतियोगिता में हाई स्कूल फतेहाबाद की अंजली केवट प्रथम ,हाई स्कूल तगारी की मुस्कान लोधी द्वितीयरही । सामूहिक नृत्य में हाई स्कूल फतेहाबाद की वैशाली पटेरिया तथा रुक्मण यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । एकल नृत्य में हाई स्कूल तगारी की चंचल लोधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । विकासखंड स्तर पर चयनित सभी लाड़ली छात्राओं को 26 नवंबर को जिला स्तर के लिए चयनित किया गया है ।

आयोजन | **जिले में बढ़ाये जा रहे बीएसएनएल के टॉवर**

भारत संचार निगम द्वारा 4 जी सेवाओं को लेकर की प्रेसवार्ता

नवभारत न्यूज़

अशोकनगर। भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा जिले में 4जी सेवाओं के विस्तार हेतु बुधवार को बीएसएनएल मुख्य टेलीफोन एक्सचेंज परिसर में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारवार्ता में चंदेरी विधायक जगन्नाकथ सिंह रघुवंशी,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह जज्जी, सांसद प्रतिनिधि, मुख्य महाप्रबंधक राधेश्याम परमार, प्रिंसिपल जनरल मैनेजर ग्वालियर राजेश कुमार,प्रचलन क्षेत्र प्रमुख विनय कीर्ति जैन, सहित विभाग के संबंधित अधिकारी एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

पत्रकारवार्ता में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने कहा कि बीएसएनएल की 4जी सेवाओं के लिए हम सभी आशान्वित है। निश्चित रूप से 4जी सेवाओं के परिणाम सार्थक रूप से सिद्ध होगें। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल सेवाओं में निश्चित रूप से सुधार होगा और भरोसा कायम करेगा। पत्रकारवार्ता में मुख्य महाप्रबंधक राधेश्यांम परमार ने बताया कि केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तुर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कुशल नेतृत्व में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की अशोकनगर में अतिरिक्त 70 नये 4 जी मोबाइल टावर स्थापना की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में भारत सरकार की संचार नीति के अनुपालन में, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा अशोकनगर जिला एवं उसके संचार विहीन क्षेत्र में 4जी के 38 टावर लगाने की योजना थी। इस योजना के तहत अब तक 30 मोबाइल सेवा टावरों की स्थापना कर दी गई है। शेष 8 टावर्स भी शीघ्र लगा दिए जाएँगे । केन्द्रीय संचार मंत्री ने मोबाइल सेवा के विस्तार और गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जिले में 20 अतिरिक्त नए टावर लगाने की योजना को मंजूरी दी है। इस अतिरिक्त 70 मोबाइल टावर को लगाने के लिए बीएसएनएल करीब 12 करोड़ रुपये का वित्तीय खर्च करेगा। संभावना है कि इन टॉवरों का संस्थापन वित्तीय वर्ष 2024-25 तक पूर्ण हो जाएगा। इस पहल से न केवल स्थानीय विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि दूरसंचार सेवाओं की पहुंच को भी सुनिश्चित करेगा। साथ ही साथ आमजन तक मोबाइल की बेहतर सुविधा भी उपलब्ध होगी। 4जी की यह परियोजना पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत का हिस्सा है। भारत में पहली बार है कि बीएसएनएल इस तकनीक का उपयोग करते हुए पूरे देश में 4जी सेवाएं सफलतापूर्वक निर्बाध रूप से प्रदान कर रहा है।

कलश यात्रा के साथ रूद्राभिषेक प्रारंभ

नवभारत न्यूज

चंदेरी। बढ़ी मढ़ई में रूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। इस दौरान कलश यात्रा भगवान गणेश पूजन के साथ श्री 108 श्री लक्ष्मण जी मंदिर से प्रारंभ होकर मां जागेश्वरी मेला ग्राउंड , हौज खास तालाब होते हुए अपने स्थान बाहर शहर बढ़ी मढई पहुंची। जहां पर विधि विधान से कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा में जहां महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर शिवजी का जाप करते हुए चल रही थी, तो वहीं बच्चे हाथ में झंडा लेकर बैंड ढोला की

धुन गाते हुए चल रहे थे। पावन शिवलिंग उत्सव का आयोजन बृज बिहारी गुप्ता द्वारा कराया जा रहा है।

न्यायालय तहसीलदार तहसील चन्देरी जिला अशोकनगर

प्रकरण क्रमांक/ड- 154/2024-25
चन्देरी दिनांक- 20/11/2024

//प्रेस विज्ञप्ति //

इस न्यायालय में आवेदक रामनारायण कोली पिता बाबूलाल कोली निवासी ग्राम चंदेरी तहसील चन्देरी द्वारा दादा मथुरालाल कोली की मृत्यु दिनांक 07/08/1997 को ग्राम चंदेरी में मृत्यु हो जाने का लेख कर लोक सेवा केन्द्र चन्देरी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह स्वय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 27-11-24 तक इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
तहसील चंदेरी, जिला अशोकनगर

न्यायालय तहसीलदार तहसील चन्देरी जिला अशोकनगर

प्रकरण क्रमांक/ड- 154/2024-25
चन्देरी, दिनांक-20/11/2024

//प्रेस विज्ञप्ति //

इस न्यायालय में आवेदक किशना आदिवासी पिता भीका निवासी ग्राम निदानपुर तहसील चन्देरी द्वारा वहन गागोटी आदिवासी की मृत्यु दिनांक 18-11-2001 को ग्राम निदानपुर में मृत्यु हो जाने का लेख कर लोक सेवा केन्द्र चन्देरी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के साध्यम से दिनांक 27/11/24 तक इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

दिलीप दरोगा
तहसीलदार
तहसील चंदेरी

न्यायालय तहसीलदार तहसील चन्देरी जिला अशोकनगर

प्रकरण क्रमांक/ड- 154/2024-25
चन्देरी, दिनांक-20/11/2024

//प्रेस विज्ञप्ति //

इस न्यायालय में आवेदक भोला अहिरवार पिता चैपा निवासी ग्राम चंदेरी तहसील चन्देरी द्वारा भाई- दशरथ की मृत्यु दिनांक 04/03/2019 को ग्राम चंदेरी में मृत्यु हो जाने का लेख कर लोक सेवा केन्द्र चन्देरी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के साध्यम से दिनांक 27-11.24 तक इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

दिलीप दरोग
तहसीलदार
तहसील चंदेरी